हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 30 मार्च 2026, समय 18:10 (10 मिनट)

मुख्य समाचार

- केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था के बुनियादी संकेतक वैश्विक स्थिति के बावजूद मजबूत है।
- केंद्र सरकार ने कहा - देश में गैस की 100 फीसदी आपूर्ति के लिए कदम उठाए गए, देश में उर्वरकों का भी पर्याप्त भंडार उपलब्ध।
- हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने पूरे प्रदेश में वर्षा जल संचयन प्रणाली स्थापित करने के निर्देश दिए।
- हरियाणा के राज्यपाल असीम घोष ने करनाल में आयोजित महिला सम्मान समारोह में विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय काम करने वाली 20 महिलाओं को सम्मानित किया।
- जनगणना 2027 पहली अप्रैल से शुरू होगी।
- हरियाणा के राज्यपाल ने करनाल में आत्म मनोहर जैन निरामय केंद्र का उद्घाटन किया।

**********

केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने आज संसद में कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूत है। लोकसभा में प्रश्नकाल के दौरान रुपये के अवमूल्यन पर जवाब देते हुए वित्त मंत्री ने कहा कि रुपये का मूल्य बाज़ार-निर्धारित है और वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था के
बुनियादी संकेतक मज़बूत हैं।

निर्मला सीतारामन

*भारत की इकोनॉमी एक दम स्टॉन्ग है। हमारे फॉरन सिस्टम सिच्युएशन स्टॉन्ग है और सिस्टम डेफिसिट पांच साल में कैसे मेनटेन करते आ रहे है। इसके ऊपर पूरी दुनिया में प्रशंसा हो रही है। हमारे फॉरन एक्सचेंज रिजर्व इतना साफ बरकरार है, सॉलिड भी है। इसके कारण आज हम डॉलर की व्यवस्था को पूरी दुनिया देख रही है। हर एक इमर्जिंग मार्केट्स का इकोनॉमी के साथ भारत की तुलना में हमारे रूपया ठीक चल रहे हैं।*

श्रीमती सीतारामन ने कहा कि और वैश्विक अनिश्चितता के कारण दुनिया भर की मुद्राओं में उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है और विनिमय दर के दबाव का सामना करने वाला भारत अकेला देश नहीं है।

**********

केन्द्र सरकार ने कहा है कि देश में गैस की 100 प्रतिशत आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है।

पश्चिम एशिया में हाल के घटनाक्रम पर आज नई दिल्ली में अंतर मंत्रालय प्रेस वार्ता में पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने कहा -

सुजाता शर्मा

उर्वरक विभाग की अतिरिक्त सचिव अपर्णा एस शर्मा ने कहा कि देश में उर्वरकों का पर्याप्त भंडार उपलब्ध है, लेकिन सरकार किसानों को वैकल्पिक उर्वरकों के उपयोग के लिए प्रोत्साहित कर रही है। उन्होंने कहा कि भारत के उर्वरक आयात के लिए मौजूदा हालात में खाड़ी क्षेत्र बेहद महत्वपूर्ण बना हुआ है। उन्होंने बताया कि शुरुआत में घरेलू यूरिया उत्पादन पर असर पड़ा था, लेकिन उन्होंने भरोसा दिलाया कि आने वाले खरीफ मौसम की मांग को पूरा करने के लिए पर्याप्त भंडार उपलब्ध है।

अपर्णा एस शर्मा

**********

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने पूरे प्रदेश में वर्षा जल संचयन प्रणाली स्थापित करने लिए स्थान ढूंढने के निर्देश दिए है।
मुख्यमंत्री आज शहरी स्थानीय निकाय विभाग के अधिकारियों की बैठक ले रहे थे। बैठक में मुख्यमंत्री ने बारिश से पहले होने वाली नहरों नालों की सफाई, जल निकासी व्यवस्था और सफाई व्यवस्था की विस्तार से समीक्षा की तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने बारिश के दौरान जलभराव की समस्या वाले स्थानों पर अभी से पुख्ता इंतजाम करने को कहा। मुख्यमंत्री ने कहा कि जहां-जहां जल निकासी में दिक्कत है, उन स्थानों की पहचान कर वहां वैकल्पिक उपाय अपनाए जाएं और ऐसे स्थानों पर वर्षा जल संचयन के विकल्प तलाशे जाएं, ताकि जलभराव की समस्या को काफी हद तक कम किया जा सके।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रदेश में जल संचयन से जुड़ा पूरा डेटा तैयार करें। जिसमें अब तक स्थापित जल संचयन प्रणाली की जानकारी हो। मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी सरकारी विभागों में वर्षा जल संचयन तकनीक को सही तरीके से लागू किया जाए और जहां यह अभी तक नहीं लगे हैं, वहां प्राथमिकता के आधार पर इन्हें स्थापित किया जाए।
बैठक में प्रदेश की सफाई व्यवस्था को और बेहतर बनाने को लेकर भी विस्तार से चर्चा हुई।

**********

भारत विकास परिषद द्वारा आज करनाल में नारी महोत्सव पर महिला सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। हरियाणा के राज्यपाल असीम घोष ने समारोह में समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाली 20 महिलाओं को सम्मानित किया।उन्होंने महिला सशक्तिकरण में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को शील्ड व प्रशस्ति पत्र प्रदान किए।

कार्यक्रम में शहर के गणमान्य नागरिको , सामाजिक कार्यकर्ताओं  और बड़ी संख्या में महिलाओं ने  भागीदारी की।

मीडिया से बातचीत में राज्यपाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भारत की महिलाओं के कल्याण और सशक्तिकरण के लिए पूरी तरह वचनबद्ध हैं और सरकार द्वारा कई योजनाएं चलाई जा रही हैं, जिनसे महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने में मदद मिल रही है। आज शिक्षा, प्रशासन, राजनीति, खेल और व्यवसाय जैसे सभी क्षेत्रों में महिलाएं अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रही हैं। राज्यपाल ने कहा कि भारत विकास परिषद समाज सेवा और राष्ट्र निर्माण के कार्यों में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। उन्होंने कहा कि
आज जिन महिलाओं को सम्मानित किया गया है, उनसे अन्य महिलाओं को भी आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलेगी।

**********

जनगणना 2027 पहली अप्रैल से शुरू होगी। यह स्वतंत्रता के बाद की आठवीं और इस श्रृखंला की 16वीं जनगणना होगी। आज नई दिल्ली में संवाददाता सम्मेलन में महारजिस्ट्रार और जनगणना आयुक्त, मृत्युंजय कुमार नारायण ने बताया कि जनगणना दो चरणों में आयोजित की जाएगी। श्री नारायण ने कहा कि पहले चरण में, घर-घर की सूची बनाना और स्व-गणना की जाएगी।

मृत्युंजय कुमार

*जनगणना की तैयारियां अब अग्रिम अवस्था में पहुंच चुकी है और अब से कुछ एक दिन में ही फील्ड का कार्य प्रथम चरण प्रारंभ होने जा रहा है। जनगणना एक वृहद कार्य है। इसमें केन्द्रीय स्तर पर और राज्यों के स्तर पर संघ शासित प्रदेशों के स्तर पर विषद तैयारी चलती है, तो यह जनगणना दो चरणों में संपन्न होती है और इस बार आंकड़ों का संग्रह डिजिटल माध्यम से किया जाना है।*

**********

हरियाणा के राज्यपाल प्रोफेसर असीम घोष ने आज करनाल में स्थापित श्री आत्म मनोहर जैन निरामय केंद्र का  उद्घाटन किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबोले भी उनके साथ मौजूद रहे। राज्यपाल ने केंद्र में उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं का अवलोकन भी किया। और प्राकृतिक चिकित्सा, पंचकर्म और अन्य उपचार व्यवस्थाओं की जानकारी ली।

राज्यपाल ने कहा कि आधुनिक जीवनशैली के कारण लोग अनेक बीमारियों से ग्रस्त हो रहे हैं। ऐसे समय में प्राकृतिक चिकित्सा पद्धति लोगों को बिना दुष्प्रभाव के स्वास्थ्य लाभ देने का एक प्रभावी माध्यम है। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक वातावरण में उपचार की व्यवस्था लोगों को शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। उन्होंने उम्मीद जताई कि श्री आत्म मनोहर जैन निरामय केंद्र करनाल ही नहीं बल्कि आसपास के क्षेत्र के लोगों के लिए प्राकृतिक उपचार और स्वस्थ जीवन शैली का एक महत्वपूर्ण केंद्र बनेगा।

वहीं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबोले ने कहा कि संत महात्मा दूसरों के कल्याण के लिए ही जन्म लेते हैं। आज भी ऐसे अनेक दिव्य महापुरुष हमारे बीच मे है जो मानवता के कल्याण के लिए कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारत की पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियां आज पूरी दुनिया में स्वीकार की जा रही हैं।
इस निरामय केंद्र में प्राकृतिक चिकित्सा, पंचकर्म, योग चिकित्सा, आहार चिकित्सा, मिट्टी चिकित्सा और जल चिकित्सा सहित कई प्रकार की उपचार सुविधाएं उपलब्ध हैं।

**********

हरियाणा कर्मचारी चयन  आयोग की वर्ष 2024 की  10233 अभ्यर्थियों की रद्द की गई ग्रुप-सी भर्ती बहाल होने से 10 हजार से अधिक अभ्यर्थियों को

राहत मिली है। भर्ती से जुड़े अभ्यर्थियों ने आज हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग के अध्यक्ष हिम्मत सिंह से मिल कर उनका आभार जताया। काबिलेगौर है कि सामाजिक व आर्थिक आधार पर अंकों के मामले में सरकार द्वारा पुनर्विचार याचिका दायर की गई थी, जिस पर पर पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय ने यह फैसला सुनाया।

**********